# जो राशन मशीन में वह मौके पर नहीं मिला

## राशन में गड़बड़ : कलेक्टर के निर्देश पर आपूर्ति अधिकारी ने जिले की 5 सरकारी राशन दुकानों को नोटिस थमाए

**नवभारत न्यूज**

**राजगढ़ 06 जनवरी, का. जिले में पीडीएस सिस्टम की सरकारी राशन दुकानों को लेकर लगातार शिकायताके बाद कलेक्टर द्वारा मामले में कार्यवाही की है. राष्टीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत पात्र परिवारों को वितरित किए जाने वाले खाद्यान्न में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा जिले में 3 शासकीय उचित मूल्य दुकान के विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है. सभी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वह 09 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे समक्ष में उपस्थित होकर अपना लिखित उत्तर प्रस्तुत करें. नियत तिथि पर उत्तर प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विक्रेता की होगी.**

### प्रकरण-1 कालीपीठ

कनिष्ठी आपूर्ति अधिकारी ब्यावरा द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान कालीपीठ, कोड क्रमांक 3203019, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता ललित सौंधिया की दुकान का दिनांक 12 अगस्त को भौतिक सत्यापन के दौरान दुकान पर गेहूं 00 किलोग्राम एवं चावल 00 किलोग्राम भौतिक रूप से संग्रहित पाया गया, जबकि मशीन में गेहूं 84,191 किलोग्राम एवं चावल 56,050 किलोग्राम स्टॉक दर्ज पाया गया. इसके अतिरिक्त माह जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक एइपीडीएस पोर्टल में दर्ज आंकड़ों के अनुसार मशीन में सीबी गेहूं 16,694 किलोग्राम एवं चावल 19,157 किलोग्राम दर्शाया गया. दोनों के बीच भारी अंतर पाए जाने पर विक्रेता द्वारा कोई लिखित दस्तावेज अथवा ऑनलाइन वितरण का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया.

### प्रकरण-2 नेसड़ी

कनिष्ठी आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान नेसड़ी, कोड क्रमांक 3203083, समिति मार्केटिंग समिति पीपलबे के विक्रेता श्री रामबाबू तंवर की दुकान का दिनांक 16 मई, 2025 को भौतिक सत्यापन किया गया. सत्यापन के दौरान दुकान पर गेहूं 00 किलोग्राम एवं चावल 00 किलोग्राम भौतिक रूप से संग्रहित पाया गया, जबकि मशीन में गेहूं 33,413 किलोग्राम एवं चावल 27,488 किलोग्राम स्टॉक दर्ज पाया गया. इसके अतिरिक्त माह जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक एइपीडीएस पोर्टल में दर्ज आंकड़ों के अनुसार क्ष्रस मशीन में सीबी गेहूं 17,695 किलोग्राम एवं चावल 9,501 किलोग्राम दर्शाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन में यह मात्रा अत्यंत कम पाई गई.

### प्रकरण-3 पाड़ल्याखेड़ी

कनिष्ठी आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान पाडल्याीखेडी, कोड क्रमांक 3203032, समिति मार्केटिंग समिति बखेड के विक्रेता श्री देवेन्द्र शर्मा दुकान का दिनांक 09 जून, 2025 को भौतिक सत्यापन किया गया. सत्यापन के दौरान दुकान पर गेहूं 1 किलोग्राम एवं चावल 1 किलोग्राम भौतिक रूप से संग्रहित पाया गया, जबकि मशीन में गेहूं 39,799 किलोग्राम एवं चावल 26,993 किलोग्राम स्टॉक दर्ज पाया गया. इसके अतिरिक्त माह जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक एइपीडीएस पोर्टल में दर्ज आंकड़ों के अनुसार मशीन में सीबी गेहूं 39,135 किलोग्राम एवं चावल 22,892 किलोग्राम दर्शाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन में यह मात्रा अत्यंत कम पाई गई.

### प्रकरण-4 बखेड़

कनिष्ठी आपूर्ति अधिकारी राजगढ़ द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान बखेड़, कोड क्रमांक 3203004, समिति मार्केटिंग समिति बखेड के विक्रेता श्री भंवरलाल दांगी दुकान का दिनांक 28 मई, 2025 को भौतिक सत्यापन किया गया. सत्यापन के दौरान दुकान पर गेहूं 0 किलोग्राम एवं चावल 50 किलोग्राम भौतिक रूप से संग्रहित पाया गया, जबकि मशीन में गेहूं 73,675 किलोग्राम एवं चावल 42,007 किलोग्राम स्टॉक दर्ज पाया गया. इसके अतिरिक्त माह जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक एइपीडीएस पोर्टल में दर्ज आंकड़ों के अनुसार क्ष्रस मशीन में सीबी गेहूं 74,843 किलोग्राम एवं चावल 33,797 किलोग्राम दर्शाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन में यह मात्रा अत्यंत कम पाई गई. स्टॉक के कोई लिखित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया.

### इतना भारी अंतर : भौतिक सत्यापन में 2714 किलो और मशीन में 75945 किलो गेहूं दर्ज पाया गया

शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रेमपुरा (भवानीपुरा), कोड क्रमांक 3203011, समिति मार्केटिंग समिति खुजनेर के विक्रेता श्री महेश दांगी की दुकान का दिनांक 30 जून 2025 को भौतिक सत्यापन किया गया. सत्यापन के दौरान दुकान पर गेहूं 2714 किलोग्राम एवं चावल 4137 किलोग्राम भौतिक रूप से संग्रहित पाया गया, जबकि मशीन में गेहूं 75,945 किलोग्राम एवं चावल 58,170 किलोग्राम स्टॉक दर्ज पाया गया. इसके अतिरिक्त माह जनवरी 2025 से अगस्त 2025 तक एइपीडीएस पोर्टल में दर्ज आंकड़ों के अनुसार क्ष्रस मशीन में सीबी गेहूं 74,088 किलोग्राम एवं चावल 48,703 किलोग्राम दर्शाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन में यह मात्रा अत्यंत कम पाई गई. दोनों के बीच भारी अंतर पाए जाने पर विक्रेता द्वारा स्टॉक के संबंध में कोई लिखित दस्तावेज अथवा ऑनलाइन वितरण का विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया.

# रिटायर्ड बैंक अधिकारी से ठगी, 23 .50 लाख ऐंठे, केस दर्ज

**बैतूल। जिले में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। गंज थाना क्षेत्र में 80 वर्षीय सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 23 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है।**

जिसकी शिकायत पीड़ित ने की है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318(4), 308 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बसंत कुमार मैदमवार निवासी विनायक रेसिडेंसी ऑयल मिल के पास बैतूल, जो भारतीय स्टेट बैंक से हेड कैशियर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्होंने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि ठगी की शुरुआत 27 नवंबर 2025 को हुई, जब बसंत कुमार के मोबाइल पर एक वॉट्सऐप वीडियो कॉल आया। कॉल स्क्रीन पर दिल्ली पुलिस लिखा दिखाई दिया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी बताया और दावा किया कि पीड़ित के आधार कार्ड से दिल्ली में एक सिम कार्ड जारी किया गया है, जिसका उपयोग ब्लैकमेलिंग और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों में हुआ है। ठगों ने पीड़ित को यह भी बताया कि उनके खिलाफ दिल्ली क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज की गई है और उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है। उन्होंने लगातार कॉल करके बसंत कुमार को मानसिक रूप से डराया और गिरफ्तारी से बचने तथा खातों की जांच के बहाने पैसे ट्रांसफर करने को कहा। डर के कारण, बसंत कुमार ने 1 दिसंबर 2025 को अपने एसबीआई खाते से 13.50 लाख रुपए यस बैंक खाते में और 10 लाख रुपए फिनो बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। उन्हें इस ठगी का पता तब चला जब वे बैंक में गोल्ड लोन लेने पहुंचे और बैंक प्रबंधक ने उन्हें धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गंज थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# दिल्ली से किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**10 साल पहले 2 करोड़ 90 लाख का खरीदा था चना**

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 6 जनवरी, गंजबासौदा के अनाज व्यापारियों को 3 करोड़ का चूना लगाने वाले व्यापारी को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने गिरफ्तार किया और बासौदा लेकर आए. जहां से उसे जेल भेज दिया गया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 में दिल्ली के अनाज कारोबारी ने गंजबासोदा के अनाज व्यापारियों से अनाज मंगाया था. इसके बाद लगभग तीन करोड़ का भुगतान नहीं किया और व्यापारी गायब हो गया.व्यापारियों ने न्यायालय में प्रकरण का कायम कराया था जिसमें 2 करोड़ 90 लाख के चना भेजे गए थे.21 व्यापारियों से चना खरीदा गया था. सभी व्यापारी गंजबासौदा के हैं.10 वर्ष तक व्यापारी परेशान रहे मनोज गोयल दिल्ली का व्यापारी था. जिसकी पुलिस लगातार जांच पड़ताल कर रही थी.परंतु वह पकड़ में नहीं आ रहा था.न्यायालय के कड़े आदेश के बाद पुलिस ने दिल्ली में उसे दबोच लिया और गंजबासौदा लेकर आए अब मनोज गोयल जेल के अंदर है.

**2016 से गायब व्यापारी को कर लिया गिरफ्तार:** सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया की दिल्ली के व्यापारी मनोज गोयल 2016 से गायब था. गंजबासौदा थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस गिरफ्तार करने भी गई थी.परंतु उसका पता नहीं लगा.वहीं दूसरी ओर अनाज व्यापारी जिनका चना 2 करोड़ 90 लाख का था उक्त व्यापारी ने खरीदा था. प्रकरण न्यायालय में भी चले गए थे.उसका सुराग मिलते ही दिल्ली में उसे गिरफ्तार कर बासौदा लाया गया. यहां से उसे जेल भेज दिया गया है.

## 21 वीं सदी का सबसे ठंडा दिन, अलाव के आगे नन्हीं हथेलियां



# राजगढ़ ने पचमढ़ी को पछाड़ा

## 2 डिग्री तक गिरा पारा

### प्रदेश में सर्वाधिक कम तापमान राजगढ़ जिले में आंका गया है

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 06 जनवरी, का.** मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान एकाएक लुढकते हुए 2 डिग्री पर जा पहुंचा जो कि आज प्रदेश मे सबसे कम तापमान रहा. राजगढ़ जिला प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा. कड़ाके की ठंड ने कंपकपा दिया. दिन भर ठंड का प्रकोप बना रहा. मौसम विभाग के रिकार्ड अनुसार दो दशक में यह सबसे कम तापमान देखा जा रहा है. उल्लेखनीय है कि विगत कुछ दिनों से जिले भर में ठंड का भारी प्रकोप बना हुआ है. सोमवार को न्यूनतम तापमान 5 .4 डिग्री पर था जिसमें भारी गिरावट होते हुए मंगलवार को न्यूनतम तापमान 2 डिग्री पर जा पहुंचा. सुबह और शाम के समय ही नहीं दिन भर ठंड का इतना अधिक प्रभाव रहा कि दिन भर अलाव जलते हुए देखे. हांलाकि मंगलवार के कुछ समय के लिए धूप अवश्य निकली लेकिन ठंड का प्रभाव जरा भी कम नहीं हुआ.

### प्रदेश के पांच सबसे कम तापमान वाले शहर

मौसम केन्द्र भोपाल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के पांच सबसे कम न्यूनतम तापमान वाले शहर इस प्रकार रहे. राजगढ़ 2 .0 डिग्री, कल्याणपुर शहडोल 2 .8, गिरवर शाजापुर 3 .7, मंदसौर एवं भोपाल 3 .8 तथा सीहोर का न्यूनतम तापमान 3 .9 डिग्री रहा.

# अवैध अतिक्रमण पर चली नगरपालिका की जेसीबी

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने का अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके चलते मंगलवार को नपा अमले द्वारा ईसागढ़ रोड़ पर अतिक्रमण के विरूद्ध कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद जहां ईसागढ़ रोड़ काफी चौड़ी नजर आई, तो वहीं वर्षो से अतिक्रमण के नीचे दबा नाला भी वर्षो बाद शहर के नागरिकों ने देखा। तो वहीं मार्ग चौड़ीकरण होने से लोगों को अब आवागमन में परेशानी नहीं होगी। दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा शहर को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए अभियान प्रारंभ किया है। जिसके चलते जहां विगत दिनों शहर में फैले अतिक्रमण को राजस्व और नगरपालिकी टीमों द्वारा चिन्हित किया गया। तो वहीं मंगलवार को ईसागढ़ रोड़ पर कच्चा पक्का निर्माण कर दुकानदारों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा की गई अतिक्रमण के विरूद्ध इस कार्रवाई की जानकारी लगने पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए और उन्होंने अतिक्रमण पर नपा की जेसीबियों को चलते देखा। मंगलवार को अतिक्रमण के विरूद्ध की गई कार्रवाई का अवलोकन स्वयं कलेक्टर आदित्य सिंह ने किया, तो वहीं पूरी कार्रवाई के दौरान एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीओपी विवेक शर्मा, तहसीलदार भारतेन्दु यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान, कोतवाली थाना प्रभारी रविप्रताप चौहान सहित बड़ी संख्या में राजस्व, पुलिस और नगरपालिका का अमला मौजूद रहा। जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को अतिक्रमण के विरूद्ध की गई कार्रवाई के दौरान जहां जेसीबी अतिक्रमण हटाने के लिए लगाई, ईसागढ़ रोड़ के दोनो तरफ के पक्के और टीनशैड़ आदि लगाकर किये गये अतिक्रमण को हटाया।

## लापरवाही बरतने पर पटवारी निलंबित

**सागर 6 जनवरी.** बंडा तहसील अंतर्गत ग्राम हिण्डोरिया सहित कई ग्रामों में शासकीय कार्यों में गंभीर लापरवाही पाए जाने पर पटवारी स्वाति जैन के विरुद्ध कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की गई है. तहसीलदार बंडा द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के अनुसार ग्राम हिण्डोरिया में औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें किसान फॉर्मर आईडी निर्माण कार्य में भारी अनियमितताएं सामने आई. निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पटवारी हल्का नंबर 24 के अंतर्गत ग्राम हिंडोरिया में 15, ग्राम हीरापुर में 06, ग्राम भरतिया में 04, ग्राम सिंगदौनी में 11 तथा ग्राम पिपरियाघाट में 01 प्रधानमंत्री किसान योजना से संबंधित फॉर्मर आईडी लंबित थीं, सूची में यह भी स्पष्ट नहीं था कि किन किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई जानी है. उल्लेखनीय है कि श्रीमती स्वाति जैन को कुल 1309 फॉर्मर आईडी बनाने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध उन्होंने मात्र 262 फॉर्मर आईडी ही तैयार कीं.

# पति ने घोंटा गर्भवती पत्नी का गला, मौत

### तीन दिनों से हो रहा था दोनों में विवाद, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** देहात थाना अंतर्गत ग्राम अमाही ताल में पति-पत्नि के बीच हुए विवाद में पति ने पत्नि की तौलिये से गला घोंटकर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। तो वहीं पति ने अपनी यह कारतूत परिजनों व ससुराल वालों को को भी बताई, जिसके बाद मौके पर पहुंचे ससुराल वालों ने आरोपी पति की शिकायत थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नन्नू आदिवासी और उसकी पत्नि रामकुंवर उर्फ रानी के बीच विगत दो तीन दिन से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, जिसके चलते विगत शाम पति ने पत्नि का तौलिया से घला घोंट दिया। जिससे उसकी मौत हो गई, तो वहीं आरोपी पति ने अपने द्वारा की गई यह बारदात अपने परिजनो को बताई, जिसके बाद आरोपी के भाई द्वारा मृतिका के परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंचे परिजनों से भी पति ने अपने द्वारा की गई बारदात की पुष्टि की और यह कहकर वह चला गया। तो वहीं मृतिका के परिजनों द्वारा पुलिस को घटना के बारे से अवगत कराया गया। जिसके बाद जहां पुलिस ने जहां महिला के शव का पीएम कराया, तो वहीं आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ की और करीब आठ घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया.

**हत्या का आरोपी गिरफ्तार**

देहात थाना प्रभारी उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस द्वारा परिजनों के कथन लेते हुए एफआईआर दर्ज की और आरोपी पति को मात्र 8 घंटे के भीतर गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अजीम अंसारी,सोनम यादव, सहायक उप निरीक्षक देवेन्द्र शर्मा, प्रधान आरक्षक अतेन्द्र यादव आदि की भूमिका रहीं.

# फिल्मी अंदाज में दुकान में तोड़फोड़ और मारपीट की



- बस स्टैंड स्थित गीता भवन के पास दुकान में तोड़फोड़
- दुकान संचालक सहित एक ग्राहक को आई गंभीर चोटें

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 06 जनवरी. मंगलवार की दोपहर लगभग 12 बजे बस स्टैंड के समीप गीता भवन के पास बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर की दुकान में लगभग एक दर्जन अज्ञात लोगों ने घुसकर तोड़फोड़ कर दी और दुकान संचालक के अलावा एक ग्राहक के साथ भी मारपीट करते हुए फरार हो गए. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.**

आराकश मोहल्ला निवासी अजय दिनकर की बस स्टैंड पर गीता भवन के समीप बिल्डिंग मटेरियल की दुकान है. बताया जाता है कि दोपहर 12 बजे दुकान पर अजय के बड़े भाई दिनेश दिनकर बैठे थे तभी अचानक वहां एक दर्जन युवक आ धमके. उन्होंने आते ही दुकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी. इस दौरान जब दिनेश दिनकर ने उन्हें रोकना चाहा तो युवकों ने उन्हें भी जमकर मारा. युवकों ने दुकान के कांच तोड़ दिए और सामान सड़क पर फैंक दिया. इस दौरान वहां पर सीमेंट खरीदने आए युवक नीतिन धीमान ने युवकों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने उसके साथ भी जमकर मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना को अंजाम देने के बाद सभी युवक वहां से भाग निकले. इस दौरान वहां अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था. सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया. पुलिस ने मामले में चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश प्रारंभ कर दी है. घटना के बाद वहां के अन्य दुकानदारों में आक्रोश का माहौल बना हुआ है.

**रात को विवाद ने लिया था जन्म**

बताया जाता है कि बीती रात अजय दिनकर का 20 वर्षीय पुत्र सार्थक दुकान बंद कर घर जा रहा था तभी वहां एक कार आकर रूकी. कार में सवार युवक नशे में थे और वह दुकान की शटर के पास लघुशंका करने लगे. सार्थक ने उन्हें मना किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करते हुए उसका मोबाइल छीनकर फैंक दिया था. इस मामले में सार्थक ने रात में ही आरोपियों के खिलाफ थाना कोतवाली में प्रकरण दर्ज करा दिया था. इसी बात को लेकर आरोपियों ने अगले दिन मंगलवार को दुकान में तोड़फोड़ की वारदात को अंजाम दिया. मामले में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है.

**अनोखा-अंदाज** बच्चों के साथ हैंडपंप का पानी पीकर दिखाई सादगी

# बैलगाड़ी पर सवार होकर हिन्दू सम्मेलन में शामिल हुए विधायक



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** आमखो धाम ग्राम सुरेल, खिरका टांका मंडल जिला अशोकनगर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव की सादगी और जनसरोकारों से जुड़ा व्यक्तित्व लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान विधायक यादव सम्मेलन में शामिल होने के लिए आधुनिक साधनों को छोड़कर बैलगाड़ी पर सवार होकर आमखो धाम पहुंचे, तो वहीं उनके साथ सैकड़ों ग्रामीणजन पैदल एवं पारंपरिक वाहनों के साथ मौजूद रहे। विराट हिन्दू सम्मेलन में खिरका टांका मंडल के अंतर्गत आसपास के लगभग 20 से 25 ग्रामों के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। सम्मेलन के अंतर्गत संगीतमय अखंड रामायण पाठ, भजन संध्या, भारत माता की आरती एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्तिमय एवं सामाजिक समरसता का वातावरण बना रहा। सम्मेलन उपरांत आयोजित विशाल भंडारे में विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने आम नागरिकों के साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की। इसी दौरान वे हैंडपंप से देशी तरीके से पानी पीते हुए नजर आए। विधायक की यह सहज और सरल जीवनशैली उपस्थित जनसमूह के बीच आकर्षण और चर्चा का केंद्र बनी रही। ग्रामीणों ने इसे जनप्रतिनिधि और जनता के बीच आत्मीय संबंधों का प्रतीक बताया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक संजय नागर ने संबोधित करते हुए समाज में एकता, संगठन और सनातन मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। सम्मेलन में महंत शिशुपाल महाराज एवं बालक दास महाराज का पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। वहीं मंच पर मातृशक्ति का प्रतिनिधित्व करते हुए कमलाबाई आदिवासी ने महिलाओं की सामाजिक एवं सांस्कृतिक भूमिका पर विचार व्यक्त किए।



## राजगढ़ में आज से पॉलीथिन प्रतिबंधित

**राजगढ़ 06 जनवरी.** पर्यावरण को बचाने और गायों को संरक्षित करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद राजगढ़ ने पॉलिथिन के प्रतिबंध को लेकर सार्वजनिक मुनादी और प्रेस नोट के माध्यम से सूचना जारी की है. इसके मुताबिक नगर के समस्त व्यापारियों, दुकानदारों को सूचित किया गया है कि राजगढ़ शहर को पॉलिथिन मुक्त घोषित किया जा चुका है. समस्त व्यापारी, दुकानदार और नागरिकों को बाजार से खरीदारी के दौरान घर से लाए गए बैग, झोले इत्यादि रखने होंगे. पॉलिथिन में सामान लेना अथवा देना प्रतिबंधित है. यदि कहीं पॉलिथिन का उपयोग पाया जाता है तो इस पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी. इसके लेकर नगर में मुनादी भी आज कराई जाएगी.